Bareilly, Thursday,
24 December 2020
BAREILLY EDITION
Within Bareilly City - 2.50/-
Outside Bareilly City - 3/-
Pages 10

दैनिक जागरण
inext

कोविड काल में संजीवनी बना 'एसआरएमएस'

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (23 Dec): कोरोना का संकट अभी थमा नहीं है शासन की ओर से कोरोना से बचाव को लेकर नई गाइड लाइन जारी की जा रही है. लेकिन जिले की बात करें तो यहां श्री राम मूर्ति स्मारक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ने कोविड काल में सराहनीय योगदान दिया है. प्रशासनिक अफसर हों या फिर आम आदमी जो भी पेशेंट्स यहां एडमिट हुए कोविड हॉस्पिटल में एडमिट हुए अधिकांश पेशेंट्स स्वस्थ हुए.

हमारा प्रयास, सभी हों स्वस्थ

बीते माह की बात करें तो लगातार कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ रही थी, ऐसे में डीएम और सीएमओ भी कोरोना की जद में आ गए. लेकिन उन्होंने दिल्ली, मुंबई जाने की बजाए एसआरएमएस में ही एडमिट होकर ट्रीटमेंट लिया और वह स्वस्थ हुए. स्वस्थ होने के दौरान कॉलेज प्रबंधन और स्टाफ का मरीजों के प्रति किया जा रहे व्यवहार की भी खूब तारीफ की. यही वजह रही कि पड़ोसी जिलों और प्रदेशों के पेशेंट्स भी यहां एडमिट होकर अपना ट्रीटमेंट करा रहे हैं. एसआरएमएस के प्रशासनिक निदेशक आदित्य मूर्ति ने बताया कि एल थ्री हॉस्पिटल में जो भी कोविड पेशेंट्स एडमिट हो रहे हैं प्रयास है कि सभी स्वस्थ हों, स्टाफ पूरी निष्ठा से और कड़ी मेहनत के कारण ही कोरोना के गंभीर मरीज ठीक होकर अपने घर गए. महामारी से निपटने के लिए आगे भी हम पूरी तरह से प्रयासरत रहेंगे.